# एसवीईपी से तैयार होगी ग्रामीण उद्यमियों की फौज

**जागरण विशेष**

अजय चौहान • नोएडा

ग्रामीण क्षेत्र में कृषि से जुड़े उद्यम विकसित करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय ने खास पहल की है। कृषि आधारित छोटे-छोटे काम करने वालों को प्रशिक्षित कर अपना उद्यम विकसित करने के लिए तैयार किया जाएगा। उनको बाजार की बारीकियों से लेकर वित्तीय सहायता और उद्यम के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी जाएगी।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने स्टार्टअप ग्राम उद्यमिता कार्यक्रम (एसवीईपी) में राष्ट्रीय उद्यमशीलता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) को नेशनल रिसोर्स आर्गेनाइजेशन (एनआरओ) के तौर पर शामिल किया है। इसके तहत निसबड ने राष्ट्रीय जीवनयापन मिशन के तहत ब्लाक स्तर पर काम करने वाले ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) के लिए खास प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया है। सात दिवसीय कार्यक्रम के तहत बीपीएम को ग्रामीण क्षेत्र में उद्यमशीलता बढ़ाने के लिए सेक्टर-62 स्थित निसबड केंद्र में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसके तहत 20 से 27 जून के बीच पहले बैच में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बंगाल से चयनित 27 बीपीएम को प्रशिक्षण दिया गया। बीपीएम अपने क्षेत्र में जाकर लोगों को प्रशिक्षण देंगे।

स्थानीय स्तर पर उद्यमशीलता को लेकर ईको सिस्टम तैयार करने का प्रयास है। इससे लोगों में रोजगार तलाशने के स्थान पर रोजगार सृजन के लिए प्रोत्साहित किया जा सकेगा। इसमें कृषि उत्पाद, अनाज, सब्जियां, फल, जड़ी-बूटी, फैंसी आइटम, कपड़े, बर्तन, जूते, मसाले आदि का कारोबार शामिल हैं।

## स्थानीय मांग और पर्यावरण संतुलन पर फोकस

एसवीईपी के तहत मुख्य रूप से स्थानीय मांग और पर्यावरण संतुलन के आधार पर लाभदायक व्यवसाय के लिए उद्यमियों को तैयार करने पर फोकस है। निसबड ऐसे लोगों की क्षमता निर्माण पर काम कर रहा है। व्यक्तिगत और समूह दोनों प्रकार के उद्यमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। ब्लाक स्तर पर ग्रामीण बाजार तैयार होंगे, जहां लोग आसानी से अपने उत्पाद बेच सकेंगे।



ग्रामीण क्षेत्र में उद्यमिता बढ़ाने के लिए निसबड नेशनल रिसोर्स आर्गेनाइजेशन के तौर पर बीपीएम को प्रशिक्षित कर रहा है। पहले बैच में तीन राज्यों के 27 बीपीएम को प्रशिक्षण दिया गया है। आगे दूसरे राज्यों के बीपीएम को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वह अपने क्षेत्र में लोगों को अपना उद्यम विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

-डा. पूनम सिन्हा, निदेशक, उद्यमिता निसबड।